चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : पी०ए०/ 2393
दिनांक : 08.01.2020

सेवा में,

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/सचिव/निदेशक
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,
मेरठ।

विषयः–संविधान की 70वीं वर्षगांठ के अवसर पर दिनांक 11.01.2020 को आयोजित होने वाले संविधान ज्ञान प्रतियोगिता/क्विज को आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया विशेष सचिव उत्तर प्रदेश शासन के **संलग्न** पत्र संख्या–98/सत्तर–3–2020–08(40)/2019 दिनांक 07 जनवरी, 2020 का संदर्भ ग्रहण करने की कृपा करें। जिसमें डा0 भीमराव अम्बेडकर के सिद्धान्तों को जन–जन पहुचाने के लिऐ दिनांक 26.11.2019 से प्रारम्भ करते हुये दिनांक 19.02.2020 के मध्य राष्ट्रव्यापी जागरूकता अभियान राज्य के विश्वविद्यालय/महाविद्यालयों में कायक्रमों को किये जाने के निर्देश दिये गये थे। उक्त शासनादेश के प्रस्तर–7 में दिनांक 11.01.2020 को विश्वविद्यालय/महाविद्यालयों के स्तर पर संविधान ज्ञान प्रतियोगिता/क्विज किये जाने के निर्देश दिये गये है।

उपरोक्त के आलोक में महाविद्यालय स्तर पर उपरोक्त प्रतियागिता/ क्विज कराकर कृत कार्यवाही से अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराने का कष्ट करें जिससे शासन को कृत कार्यवाही से अवगत कराया जा सकें।

संलग्नकः– यथोपरि।

भवदीय,

08-01-2020

कुलसचिव

प्रतिलिपिः–

01. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ प्रेषित।
02. विश्वविद्यालय, प्रेस प्रवक्ता।
03. प्रभारी, वेबसाइट

कुलसचिव

शीर्षप्राथमिकता/समयबद्ध
संख्या– 98 /सत्तर–3–2020–08(40)/2019

प्रेषक,

G677
8/1/2020

मनोज कुमार,
विशेष सचिव,
उ०प्र० शासन।

सेवा में,

कुलसचिव,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश।

उच्च शिक्षा अनुभाग–3 **लखनऊ : दिनांक 07 जनवरी, 2020**

विषयः– संविधान की 70वीं वर्षगाठ के अवसर पर दिनांक 11.01.2020 को आयोजित होने वाले संविधान ज्ञान प्रतियोगिता (क्विज) को आयोजित किए जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र सं0– 2806/सत्तर–3–2019–08(40)/2019, दिनांक 22.11.2019 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें, जिसके माध्यम संविधान की 70वीं वर्षगाठ के अवसर पर संविधान की उद्देशियका में अन्तर्निहित तथ्यों एवं संवैधानिक मूल कर्तव्यों के सम्बन्ध में डा0 भीम राव अम्बडेकर के सिद्धान्तों को जन–जन पहुँचाने के लिए दिनांक 26.11.2019 से प्रारम्भ करते हुए दिनांक 29.02.2020 के मध्य राष्ट्रव्यापी जागरूकता अभियान राज्य के विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किये जाने के निर्देश दिये गये थे। उक्त शासनादेश के प्रस्तर–7 में दिनांक 11.01.2020 को विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों के स्तर पर संविधान ज्ञान प्रतियोगिता/क्विज किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

2– इस सम्बन्ध में कि दिनांक 11.01.2020 को विश्वविद्यालय स्तर पर क्विज का आयोजन किए जाने हेतु शासन स्तर पर क्विज का प्रारूप तैयार किया गया है, जो कि निम्नवत है :–

विषयः– भारतीय संविधान की अवधारणा एवं मूल अधिकार।

1. विश्वविद्यालय अपने स्तर से एक क्विज मास्टर नियुक्त करेंगे।
2. विश्वविद्यालय अपने क्षेत्रान्तर्गत श्रेष्ठ पॉच टीमों का चयन करेंगे जिनके मध्य क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।
3. प्रतियोगिता में कुल पॉच चक्र होंगे। प्रत्येक चक्र में दस प्रश्न पूँछे जायेंगे।
4. उत्तर दिये जाने हेतु तीस सेकेण्ड का समय दिया जायेगा।
5. प्रत्येक प्रश्न के सही उत्तर हेतु पॉच अंक दिये जायेंगे।
6. गलत उत्तर देने पर दो अंक काट दिये जायेंगे तथा प्रश्न दूसरी टीम को पास कर दिया जायेगा।
7. प्रश्न को अगली टीम को पास करने पर उत्तर देने हेतु पन्द्रह सेकेण्ड का समय दिया जायेगा। यदि टीम द्वारा सही उत्तर दिया जाता है तो पॉच अंक मिलेंगे तथा गलत उत्तर देने पर दो अंक काट लिये जायेंगे तथा पुनः प्रश्न अगली टीम को पास कर दिया जायेगा।
8. यदि प्रश्न का उत्तर किसी भी टीम द्वारा सही नहीं दिया जाता है तो प्रश्न दर्शक दीर्घा को पास कर दिया जायेगा।
9. पॉच चक्रों की समाप्ति के उपरान्त सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली तीन टीमों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्रदान किया जायेगा।

3- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि दिनांक 11.01.2020 को आयोजित होने वाले संविधान ज्ञान प्रतियोगिता (क्विज) उक्त प्रारूप के अनुसार आयोजित करने का कष्ट करें तथा कृत कार्यवाही से शासन को भी अवगत कराए।

भवदीय,

(मनोज कुमार)
विशेष सचिव

संख्या- 98(1) /सत्तर-3-2020 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

(1) निदेशक, उच्च शिक्षा, उ0प्र0, प्रयागराज।

(2) समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उत्तर प्रदेश।

(3) संसदीय कार्य अनुभाग-2

आज्ञा से

(हरेन्द्र कुमार सिंह)
अनु सचिव।